# अतिरिक्त प्रश्न (परीक्षा-उपयोगी)

## 1 अंक वाले प्रश्न

**बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर (MCQs)**

**प्रश्न 1. जर्मनी के एकीकरण के मुख्य निर्माता कौन-कौन थे?**
**(a) प्रशिया का शासक विलियम प्रथम।** **(b) प्रशिया का चांसलर बिस्मार्क**
**(c) नैपोलियन बोनापार्ट।** **(d) जर्मन शासक फैड्रिक महान**
उत्तर:- (b) प्रशिया का चांसलर बिस्मार्क

**प्रश्न 2. किस घटना के साथ राष्ट्रवाद के स्पष्ट उत्थान की गाथा जुड़ी हुई है?**
**(a) 1688 की शानदार क्रान्ति।** **(b) 1789 ई. की फ्रांस की क्रांति**
**(c) अमेरिका की क्रान्ति।** **(d) 1917 की रूस की क्रान्ति**
उत्तर:- (d) 1789 ई. की फ्रांस की क्रान्ति

**प्रश्न 3. उन्नीसवीं सदी में ऐसी कौन-सी ताकत उभरी जिसने यूरोप की राजनीतिक और भौतिक दुनिया में भारी परिवर्तन किए?(CBSE 2011)**
**(a) राष्ट्र-राज्य का उदय।** **(b) क्षेत्रीय राज्य**
**(c) बहुराष्ट्रीय राजवंशीय शासन।** **(d) पूर्ण राजशाही**
उत्तर:- (a) राष्ट्र-राज्य का उदय।

**प्रश्न 4. एक आदर्श कल्पना जिसके वास्तविक अस्तित्व का होना असम्भव है, वह कहलाता है (CBSE 2011)**
**(a) कल्पनादर्श (युटोपिया)** **(b) निरंकुश**
**(c) सर्वश्रेष्ठ** **(d) उपरोक्त में से कोई नहीं**
उत्तर:- (a) कल्पनादर्श (युटोपिया)

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से कौन 'कल्पनादर्श समाज' की सबसे अच्छी व्याख्या करता है? (CBSE 2011)**
**(a) ऐसा समाज जहाँ सभी एक समान हैं**
**(b) एक लोकतांत्रिक समाज**
**(c) एक आदर्श समाज जिसकी प्राप्ति कभी नहीं हो सकती**
**(d) व्यापक संविधान वाला समाज**
उत्तर:- (c) एक आदर्श समाज जिसकी प्राप्ति कभी नहीं हो सकती

**प्रश्न 6. नेपोलियन ने इटली पर आक्रमण कब किया?(CBSE 2011)**
**(a) 1905** **(b) 1821**
**(c) 1797** **(d) 1795**
उत्तर:- (c) 1797

**प्रश्न 7. औद्योगिक क्रान्ति का प्रारंभ निम्नलिखित में से सबसे पहले किस देश में हुआ?**
**(a) अमेरिका।** **(b) इंग्लैंड**
**(c) फ्रांस।** **(d) रूस**
उत्तर:- (b) इंग्लैंड

**प्रश्न 8. नेपोलियन ने इटली पर कब विजय प्राप्त की? (CBSE 2011)**
**(a) 1767 में।** **(b) 1777 में**
**(c) 1787 में।** **(d) 1797 में**

उत्तर:- (d) 1797 में।

**प्रश्न 9. इटली के एकीकरण के मुख्य कर्णधार कौन-कौन थे?**
**(a) मेज़िनी, गैरीबाल्डी आदि।** **(b) सार्डिनिया का शासक विक्टर इमेनुयल द्वितीय**
**(c) रूस का जार।** **(d) नैपोलियन तृतीयः**
उत्तर- (a) मेज़िनी, गैरीबाल्डी आदि

**प्रश्न 10. 'ला पैट्रे' और 'ली सिटोएन' विचार फ्रांसीसी क्रान्ति में क्या दर्शाते हैं?(CBSE 2011)**
**(a) मातृभूमि और बच्चे** **(b) पितृभूमि और नागरिक**
**(c) समुदाय और नागरिक.** **(d) राज्य और समुदाय**
उत्तर:-(b) पितृभूमि और नागरिक

**प्रश्न 11. निम्नलिखित में कौन नागरिक संहिता (सिविल कोड) 1804 के सन्दर्भ में सत्य नहीं है? (CBSE 2011)**
**(a) जन्म के आधार पर प्रदत्त सभी सुविधाओं की समाप्ति**
**(b) फ्रांस में लोकतंत्र का सर्वनाश**
**(c) सभी के लिए समान कानून की स्थापना**
**(d) सम्पत्ति के अधिकार की सुरक्षा**
उत्तर:-(b) फ्रांस में लोकतंत्र का सर्वनाश

**प्रश्न 12. सन् 1815 में वियना सम्मेलन की मेज़बानी निम्नलिखित में से किसने की ?**
**(a) नीदरलैण्ड्स के राजा।** **(b) ज्युसेपे मेत्सिनी**
**(c) ड्यूक मैटरनिख।** **(d) ऑटो वॉन बिस्मार्क**
उत्तर- (c) ड्यूक मैटरनिख

**प्रश्न 13. 1832 की 'कुस्तुनतुनिया की संधि' के संबंध में निम्नलिखित में से सही क्या है? CBSE 2012(Imp )**
**(a) इसने तुर्की को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दी।**
**(b) इसने यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी।**
**(c) इसने जर्मनी को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी।**
**(d) इसने फ्रांस को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी।।**
उत्तर- (b) इसने यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी।

**प्रश्न 14. जर्मनी में माप की इकाई 'ऐले' का प्रयोग किसको मापने के लिए किया जाता था?CBSE 2011**
**(a) कपड़ा** **(b) धागा**
**(c) भूमि** **(d) ऊंचाई**
उत्तर:-(a) कपड़ा

**प्रश्न 15. प्रशा जॉलवेराइन का मुख्य कार्य था। (CBSE 2011)**
**(a) आयातित वस्तुओं पर कस्टम डयूटी (सीमा शुल्क) लगाना।**
**(b) शुल्क अवरोधों को समाप्त करना।**
**(c) सीमा शुल्क को कम करना।**
**(d) व्यापार के नए नियम शुरू करना।**
उत्तर:- (b) शुल्क अवरोधों को समाप्त करना।

**प्रश्न 16.शुल्क अवरोधों को समाप्त करने के लिए प्रशा द्वारा बनाए गए शुल्क संघ का नाम था।(CBSE 2011)**
**(a ) ऐले** **(b) जॉलवेराइन**

**(c) ज्वेब्रकेन।** **(d) ला-पैट्री (पितृभूमि)**
उत्तर:- (b) जॉलवेराइन

**प्रश्न 17. निम्नलिखित में से फ्रांसीसी कलाकार की पहचान कीजिए जिसने चार चित्रों की एक श्रृंखला बनाई, जिसमें उसने सपनों का एक संसार रचा। (CBSE 2013)**
**(a) कितागावा उतामारों।** **(b) रिचर्ड एम.हो**
**(c) वाल्टेयर।** **(d) फ्रेड्रिक सॉरयू**
उत्तर- (d) फ्रेड्रिक सॉरयू

**प्रश्न 18. 1848 के यूरोप में कारीगरों, औद्योगिक मजदूरों और किसानों ने निम्नलिखित में से किसके विरुद्ध विद्रोह किया ? (CBSE Outside 2013)**
**(a) आर्थिक कठिनाई.** **(b) राजनीतिक अस्थिरता**
**(c) राजतंत्र.** **(d) क्रान्तिकारी युद्ध**
उत्तर- (a) आर्थिक कठिनाई

**प्रश्न 19. 1845 में सिलेसिया में बुनकरों द्वारा ठेकेदारों के खिलाफ विद्रोह करने का निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्य कारण था ?(CBSE 2014)**
**(a ) ठेकेदारों ने उनके भुगतानों में भारी कमी कर दी**
**(b) उन्होंने उनके लिए कच्चे माल की आपूर्ति रोक दी**
**(c) उन्होंने, उनको निर्मित कपड़े के ऑर्डर देना मना कर दिया**
**(d) बुनकरों के हालात बड़े दयनीय थे**
उत्तर- (a) ठेकेदारों ने उनके भुगतानों में भारी कमी कर दी

**प्रश्न 20. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन जॉलवेराइन कहे जाने वाले संघ द्वारा लागू किए गए सुधारों के सन्दर्भ में सत्य नहीं है? (CBSE 2011)**
**(a) राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के लिए रेलवे के तन्त्र का निर्माण करना।**
**(b) सदस्य राज्यों में वस्तुओं, लोगों और पूँजी के अबाध प्रवाह का विरोध।**
**(c) राज्यों में शुल्क अवरोधों को घटाना।**
**(d) जर्मनी में मुद्राओं की संख्या को घटाना।**
उत्तर:- (b) सदस्य राज्यों में वस्तुओं, लोगों और पूँजी के अबाध प्रवाह का विरोध।

**प्रश्न 21. वियना काँग्रेस किस वर्ष में आयोजित की गई थी? (CBSE 2011 )**
**(a) 1815** **(b) 1845**
**(c) 1885** **(d) 1915**
उत्तर:- (a) 1815

**प्रश्न 22. निम्नलिखित में कौन 1815 के वियना संधि से सम्बन्धित है?(CBSE 2011)**
**(a) बिस्मार्क** **(b) ड्यूक मैटरनिख**
**(c) लुई फिलिप** **(d) विक्टर इमेन्युअल**
उत्तर:-(b) ड्यूक मैटरनिख

**प्रश्न 23. रूढ़िवादी क्या बनाने और बचाए रखने में विश्वास नहीं रखते थे? (CBSE 2011)**
**(a) राजतंत्र।** **(b) लोकतन्त्र**
**(c) राज्य और समाज की पारम्परिक संस्थाएँ।** **(d) सामाजिक अनुक्रम**
उत्तर:-(b) लोकतन्त्र

**प्रश्न 24. निम्नलिखित में किसने कहा था कि, "जब फ्रांस छींकता है तो बाकी यूरोप को सर्दी-जुकाम हो जाता है।" (CBSE 2011 )**

**(a) लुई फिलिप** **(b) बिस्मार्क**
**(c) विक्टर इमेनुएल** **(d) मैटरनिख**
d) मैटरनिख

**प्रश्न 25. कवियों तथा कलाकारों द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा देश 'यूरोपीय सभ्यता के पालना' के रूप में जाना गया? (CBSE 2011)**
**(a) ग्रीस** **(b) इटली**
**(c) फ्रांस** **(d) स्विट्जरलैण्ड**
(a) ग्रीस

**प्रश्न 26. निम्नलिखित में से कौन 1832 की कुस्तुनतुनिया की संधि के सन्दर्भ में सत्य है?(CBSE 2011)**
**(a) इसने तुर्की को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दिया।**
**(b) इसने जर्मनी को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी।**
**(c) इसने फ्रांस को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी।**
**(d) इसने यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी।**
उत्तर:-(d) इसने यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी।
**प्रश्न 27. इटली के गुप्त संगठन- 'यंग इटली' का गठन किसने किया था?(CBSE, 2011)**
**(a) गैरीबाल्डी।** **(b) मेत्सिनी**
**(c) कावूर।** **(d) विक्टर इमेनुएल**
उत्तर:- (c) मेत्सिनी

**प्रश्न 28. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन मेत्सिनी द्वारा दिए गएविचारों के सम्बन्ध में सत्य है?(CBSE, 2011)**
**(a) राजतन्त्रों का विरोध और लोकतान्त्रिक गणराज्यों का**
**(b) राजतन्त्र के अन्तर्गत स्वतंत्रता को स्थापित करना समर्थन।**
**(c) जर्मन परिसंघ का 39 राज्यों में विघटन**
**(d) समाचार पत्रों, नाटकों, और गीतों की सेंसरशिप**
उत्तर:-(a) राजतन्त्रों का विरोध और लोकतान्त्रिक गणराज्यों का समर्थन

**प्रश्न 29. निम्नलिखित में से इटली का कौन-सा नेता न तो एक क्रांतिकारी था और न ही जनतंत्र में विश्वास रखनेवाला? (CBSE 2011)**
**(a) मेत्सिनी** **(b) कावूर**
**(c) गैरीबॉल्डी** **(d) विक्टर इमेनुएल द्वितीय**
उत्तर:-(b) कावूर

**प्रश्न 30. आयरलैण्ड में प्रोटेस्टेन्ट के विरुद्ध आन्दोलन का नेतृत्व किसने किया? (CBSE 2011)**
**(a) गैरीबाल्डी** **(b) वोल्फ़ टोन**
**(c) मेत्सिनी** **(d) कावूर**
उत्तर:- (b) वोल्फ़ टोन

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें**

**प्रश्न 1- निरंकुशवाद को परिभाषित कीजिए।**
उत्तर:- ऐसी शासन व्यवस्था जिसकी सत्ता पर किसी प्रकार का कोई अंकुश नहीं होता ये अत्यंत केन्द्रीकृत, सैन्य बल पर आधारित और दमनकारी सरकारें होती हैं।

**प्रश्न 2. 1848 के यूरोप में कारीगरों, औद्योगिक मज़दूरों और किसानों ने किसके विरुद्ध विद्रोह किया ? (CBSE Outside 2013)**

उत्तर:- 'आर्थिक कठिनाई' 1848 के यूरोप में कारीगरों, औद्योगिक मज़दूरों और किसानों ने आर्थिक कठिनाई के विरुद्ध विद्रोह किया।

**प्रश्न 3- उदारवाद का अर्थ बताइए।**
उत्तर:- उदारवाद (libration) मध्य वर्गो के लिए उदारवाद का मतलब था व्यक्ति के लिए आजादी और कानून के समक्ष बराबरी ।

**प्रश्न 4. फ्रांसीसी क्रांतिकारियों का मुख्य उद्देश्य क्या था ? ( CBSE Outside Delhi 2015 )**
उत्तर:- वे यूरोप के लोगों को निरंकुश शासकों से मुक्त कराना चाहते थे और वहाँ राष्ट्रीय राज्यों की स्थापना करना चाहते थे।
**प्रश्न 5. जर्मेनिया का अर्थ बताइए।**
उत्तर:- जर्मेनिया जर्मन राष्ट्र का रूपक, चाक्षुष अभिव्यक्तियों में बलूत वृक्ष के पत्तों का मुकुट पहनाती है। क्योंकि जर्मन बलूत वीरता का प्रतीक हैं।

**प्रश्न 6. 1832 की उस सन्धि का नाम लिखिए जिसने यूनान को एक स्वतन्त्र राष्ट्र की मान्यता दी। (Delhi 2016)**
उत्तर - 1832 की कुस्तुनतुनिया की सन्धि ने यूनान को एक स्वतन्त्र राष्ट्र की मान्यता दी।

**प्रश्न 7. पूरे यूरोप में 1830-1848 में शिक्षित अभिजात वर्ग के मध्य राष्ट्रीय भावनाओं का संचार करने वाली घटना का नाम लिखिए। (Delhi 2016)**
उत्तर- ग्रीस का स्वतंत्रता संग्राम।

**प्रश्न 8. 1815 के बाद के वर्षों में यूरोप के क्रांतिकारियों का मूल उद्देश्य क्या था ? (Delhi 2016)**
उत्तर- (i) वे अपने-अपने देशों में एक संवैधानिक सरकार स्थापित करना चाहते थे।
(ii) वे अपने-अपने देशों में निरंकुश राष्ट्रों के स्थान पर राष्ट्रीय राज्यों की स्थापना करना चाहते थे।

**प्रश्न 9. 1871 में वर्साय में हुए एक समारोह में किसको जर्मनी का सम्राट घोषित किया गया? (Outside Delhi 2016)**
उत्तर- 1871 में वर्साय में हुए एक समारोह में प्रशिया के शासक केसर विलियम प्रथम को जर्मनी का सम्राट घोषित किया गया।

**प्रश्न 10- 1789 में फ्रांसीसी क्रांति के पश्चात् फ्रांस में आए दो बदलावों का वर्णन करो ।**
उत्तर:-
1. प्रभुत्ता राजतंत्र से निकलकर फ्रांसीसी नागरिकों के हाथ में आ गई।
2. लोगों द्वारा राष्ट्र का गठन और वे ही इसकी नीतियाँ तय करेंगे।

**प्रश्न 11. 1861 में एकीकृत इटली का राजा किसे घोषित किया गया? (Outside Delhi 2016)**
उत्तर:- 1861 में इमेनुएल द्वितीय (Emmanual II) को एकीकृत इटली का राजा घोषित किया गया।

**प्रश्न 12. बेगार का क्या अर्थ है ? (Outside Delhi 2017)**
उत्तर:-बेगार का अर्थ है कि किसी व्यक्ति से काम ले लेना परंतु बदले में उसे कुछ न देना। यह एक प्रकार की शोषण का एक ढंग है।

**प्रश्न 13. 1898 में स्थापित प्रजातंत्रीय और सामाजिक गणतंत्रों के विषय में फ्रेड्रिक सारयु ने बहुत से चित्र क्यों बनाए ?**
उत्तर:- स्वतंत्रता की देवीय मूर्ती को श्रद्धांजली देने के लिए।



MUKUTclasses

**प्रश्न 14. 1885 में यूरोप के ताकतवर देशों की बर्लिन में बैठक क्यों हुई ? (Delhi 2018)**
उत्तर:- 1885 में यूरोप के ताकतवर देशों की बैठक, अफ्रीका का आपस में विभाजन करने के लिए हुई थी।

**प्रश्न 15, जर्मनी में किस राष्ट्र ने राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया में प्रभावशाली भूमिका निभाई ?**
उत्तर:- प्रशिया ने राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया में प्रभावशाली भूमिका निभाई।

**प्रश्न 16. वियतनाम में फ्रांसीसियों की पराजय के बाद जिनेवा में चली शांति वार्ताओं का क्या परिणाम निकला ? (Delhi 2016)**
उत्तर:-फ्रांस की पराजय के पश्चात् जिनेवा में चली शांति वार्ताओं में वियतनामियों को देश के विभाजन के प्रस्ताव को मानने के लिए मज़बूर किया गया। उत्तरी भाग में हो ची मिन्ह (Ho Chi Minh) और साम्यवादियों की सत्ता स्थापित हुई जबकि दक्षिणी भाग में बाओ डाई (Bao Dai) की सत्ता बनी रही।

**प्रश्न 17. औद्योगिकीकरण के फलसवरूप यूरोप में कौन से नए सामाजिक समूह अस्तित्व में आए।**
उत्तर- श्रमिक वर्ग के लोग और मध्य वर्ग जो उद्योगपति इत्यादि।

**प्रश्न 18. 19वीं शताब्दी में उदारवाद की आर्थिक क्षेत्र में प्रमुख मांग क्या थी?**
उत्तर- उदारवाद, बाजारों की मुक्ति और चीजों तथा पूँजी के आवागमन पर राज्य द्वारा लगाए गए नियंत्रणो को खत्म करने के पक्ष में था ।

**प्रश्न 19. "जब फ्रांस छींकता है तो बाकी यूरोप को जुकाम हो जाता है।" यह कथन किसका है? (Outside Delhi 2016)**
उत्तर- आस्ट्रिया के चान्सलर ड्यूक मैटरनिख का

**प्रश्न 20. ज्युसेपी मेत्सिनी ने किन दो भुमिगत संगठनों की स्थापना की?**
उत्तर - ज्युसेपी मेत्सिनी ने निम्नलिखित दो भूमिगत संगठनों की स्थापना की:
1. मार्सेई में यंग इटली
2. बर्न में यंग यूरोप

MUKUTclasses

**प्रश्न 21. सन् 1815 में वियना सम्मेलन की मेज़बानी किस व्यक्ति ने की ? (CBSE Outside 2012)**
उत्तर- 'ड्यूक मैटरनिख ने सन् 1815 में वियना सम्मलेन की मेज़बानी की।

**प्रश्न 22- कल्पनादर्श सं क्या तात्पर्य हैं?**
उत्तर- एक ऐसे समाज की कल्पना जो इतना आदर्श है। कि उसका साकार होना लगभग असंभव होता हैं।

**प्रश्न 23. यूरोप में फ्रांसीसी क्रान्ति से राजनीतिक और संवैधानिक परिदृश्य में हुआ प्रमुख बदलाव क्या था ? (CBSE 2015)**
उत्तर - यह बदलाव यूरोप में राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय राज्यों के उत्थान में दृष्टिगोचर होता नजर आता है।

**प्रश्न 24. शुल्क संघ का मुख्य कार्य लिखो।**
उत्तर- शुल्क संघ के मुख्य कार्य निम्नलिखित हैं:
1. इस संघ ने शुल्क अवरोधों को समाप्त कर दिया ।
2. मुद्राओं की संख्या तीस से घटाकर दो कर दी गई ।

**प्रश्न 25. रूढ़िवादी किन प्रांरपारिक संस्थाओ को बनाए रखने के पक्ष में थे?**
उत्तर- रूढ़िवादी राजतंत्र, चर्च, सामाजिक ऊँच-नीच, संपत्ति और परिवार को बनाए रखने के पक्ष में थे।

**प्रश्न 26. कुलीन वर्ग यूरोप महाद्वीप का सबसे प्रभुत्वशाली वर्ग क्यों था?**
उत्तर- कुलीन वर्ग यूरोप महाद्वीप का सबसे प्रभुत्वशाली वर्ग था जिसके कारण निम्नलिखिज हैं:
1. इस वर्ग के सदस्य साक्षा जीवन शैली से बँधे हुए थे जो क्षेत्रीय विभाजनों के आर पर व्याप्त थी।
2. वे ग्रमीण क्षेत्रों में जायदाद और शहरी हवेलियों के मालिक थे ।

**प्रश्न 27. कब और किस संधि के द्वारा यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता मिली?**
उत्तर- 1832 की कुस्तुनतुनिया की संधि ने यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र कर मान्यता दी ।

**प्रश्न 28. 'रूमनीवाद' किस विचारधारा का प्रतिनिधित्व कर रहा था?**
उत्तर 'रूमनीवाद' एक साक्षा सामूहिक विरासत की अनुभूति और एक सांस्कृतिक अतीत को राष्ट्र का आधार बनाया गया था ।

**प्रश्न 29. 'कैराल कुर्पिस्की' का पौलेंड के राष्ट्रीय संघर्ष में योगदान बताइए।**
उत्तर- 'कैराल कुर्पिस्की' ने राष्ट्रीय संघर्ष का अपने आ पेरा और संगीत से गुणगान किया और पोलेनेस और मरजुरका जैसे लोकनृत्यों को राष्ट्रीय प्रतीक में बदल दिया

**प्रश्न 30. ब्रितानी राष्ट्र मे रहने वाले प्रमुख नृजातीय समूह कौन से थे?**
उत्तर- ब्रितानी राष्ट्र में रहने वाले प्रमुख नृजातीय समूह अंग्रेज वेल्श, स्कॉट या आयरिश थे।

**प्रश्न 31. उदारवादी आंदोलन में महिलाओं की सक्रिय भूमिका के दो बिंदु लिखो।**
उत्तर- उदारवादी आंदोलन में महिलाओं की सक्रिय भूमिका निम्न हैं:
1. महिलाओं ने अपने राजनीतिक संगठन स्थापित किये
2. उन्होंने अखबार शुरू किए और राजनीतिक बैठकों और प्रदर्शनों में शिरकत की।

**प्रश्न 32. फ्रांसीसी क्रांति के रूपक चिन्ह् कौन थे ?**
उत्तर- फ्रांसीसी क्रांति के रूपक चिन्ह् मरीआन, लाल टोपी, तिरंगा और कलगी थे।

MUKUTclasses

**प्रश्न 33. बाल्कन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दो प्रमुख राज्यों के नाम लिखो।**
उत्तर बाल्कन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दो प्रमुख राज्य | आधुनिक रोमानिया, बुल्गारिया, यूनान इत्यादि थे।

**प्रश्न 34. जनमत संग्रह का क्या तात्पर्य हैं ?**
उत्तर एक प्रत्यक्ष मतदान जिसके जरिए एक क्षेत्र के सभी लोगों से एक प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार कराया जाता हैं।

# 3 अंक वाले प्रश्न:

**प्रश्न 1. फ्रांसीसी सेना का शुरूआती उत्साह शीघ्र ही लोगों में विरोध का कारण क्यों बन गया?**
उत्तर:- फ्रांसीसी सेना का शुरूआती उत्साह शीघ्र ही लोगों में विरोध का कारण बन गया क्योंकि जब यह साफ होने लगा कि नयी प्रशासनिक व्यवस्थाए राजनीतिक स्वतंत्रता के अनुरूप नहीं थी। बढ़े हुए कर, सेसरशिप और बाकी यूरोप को जीतने के लिए फ्रेंच सेना में जबरन भर्ती इत्यादि प्रमुख कारण थे।

**प्रश्न 2. राष्ट्र राज्य की तीन विशेषताँए बताइए ।**
उत्तर:- राष्ट्र राज्य की तीन विशेषताँए निम्नलिखित हैं:
1. इसमें जनता को अपने शासक को चुनने कर अधिकार होता हैं।

2. सभी नागरिकों के समान कानून बनाए जाते हैं।
3. लोगों द्वारा राष्ट्र का गठन होता है हैं और वे ही इसकी नीतियाँ तय करते हैं ।

**प्रश्न 3. 19वीं शताब्दी में उदारवादी विचारधारा के राजनैतिक उद्देश्यों की समीक्षा कीजिए।**
उत्तर- 19वीं शताब्दी में उदारवादी विचारधारा, राजनीतिक रूप से एक ऐसर सरकार पर जोर देता था जो सहमति से बनी हो। फ्रांसीसी क्रांति के बाद उदारवाद निरंकुश शासक और पादरीवर्ग के विशेषाधिकारों की समाप्ति, संविधान तथा संसदीय प्रतिनिधि सरकार का पक्षधर था। 19वीं शताब्दी के उदारवादी निजी संपति के स्वामित्व की अनिवार्यता पर भी बल देता था।

**प्रश्न 4. 1830 के फ्रांसीसी विरोध के तीन परिणामों - की व्याख्या करो।**
उत्तर 1830 के फ्रांसीसी विरोध के तीन परिणाम निम्नलिखित हैं:
1. 1830 के फ्रांसीसी विरोध के परिणामस्वरूप बूब राजा जिन्हें 1815 के बाद हुई रूढ़िवादी प्रतिक्रिया में सत्ता पर बहाल किया गया था उन्हें अब क्रांतिकारियों ने उखाड़ फेंका।
2. फ्रांस में सत्ता अब लुई फिलीप को सौंपी गई।

**प्रश्न 5. जर्मन दार्शनिक योहान गॉटफ्रीड के विचारों की तीन बिन्दुओं में विवेचना कीजिए ।**
उत्तर -
1. जर्मन दार्शनिक योहान गॉटफ्रीड ने दावा किया कि सच्ची जर्मन संस्कृति उसके आमलोगों में निहित थी।
2. राष्ट्र की सच्ची आत्मा लोकगीतों, जनकाव्य और लोकनृत्यों से प्रकट होती थी।
3. स्थानीय बोलियों पर बल और स्थानीय लोक साहित्य को एकत्र करने का उद्देश्य केवल प्राचीन भावना को |वापिस लाना नहीं था बल्कि आधुनिक राष्ट्रीय संदेश को ज्यादा लोगों तक पहुँचाना था जिनमें से अधिकांश निरक्षर थे।

**दीर्घ-उत्तरीय प्रश्नोत्तर (5 अंक वाले प्रश्नः)**

**प्रश्न 1. 'पौलेंड' में राष्ट्रीय भावनाओं के विकास मं भाषा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उदाहरण देकर समझाए।**
उत्तर- 'पौलेंड' में राष्ट्रीय भावनाओं के विकास में भाषा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रूसी कब्जे के बाद पोलिश भाषा को स्कूलों से बलपूर्वक हटाकर रूसी भाषा को हर जगह जबरन लादा गया। 1831 में रूस के विरूद्ध एक सशस्त्र विद्रोह हुआ जिसे आखिरकार कुचल दिया गया दिया । इससे अनेक सदस्यों ने राष्ट्रवादी विरोध के लिए भाषा को एक हथियार बनाया। चर्च के आयोजनों और संपूर्ण धार्मिक शिक्षा में पोलिश का इस् कि बड़ी संख्या में पादरियों और बिशपों को जेल में डाल दिया गया इस तरह पोलिश भाषा रूसी प्रभुत्व के विरूद्ध संघर्ष के प्रतीक में देखी जाने लगी।

**प्रश्न 2. फ्रेंकफर्ट संसद के जर्मन राष्ट्र निर्माण में योगदान का उल्लेख कीजिए।**
उत्तर- 1848 ई. में जर्मनी में राष्ट्रवाद की लहर शुरू हो गई। 18 मई,1848 को, 831 निर्वाचित प्रतिनिधियों ने एक जुलूस निकाला। उन्होंने फ्रेंकफर्ट में एक संसद आयोजित की। इसमें एक जर्मन राष्ट्र के लिए एक संविधान का प्रारूप तैयार किया। संविधानवाद की राष्ट्रीय माँग को राष्ट्रीय एकीकरण की माँग से जोड़ दिया गया। जनता के बढ़ते असंतोष का लाभ उठाते हुए एक राष्ट्र राज्य के निर्माण की माँगों को आगे बढ़ाया। इस प्रकार फ्रेंकफर्ट संसद का जर्मनी के राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान रहा।

**प्रश्न 3. एकीकृत इतावली गणराज्य के निर्माण में काउंट कैमिलों दे काबूर की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।**
उत्तर एकीकृत इतावली गणराज्य के निर्माण का वास्तविक श्रेय कैवूर को ही जाता हैं। 1852 में वह साड्निर्या में वह साडनिर्या का प्रधानमंत्री बना तथा इटली के एकीकरण के कार्य में जुट गया । उसने अपनी कूटनातिक चालों द्वारा इस कार्य को पूरा किया। उसने कई युद्धों में भाग लेकर इटली के राज्यों को साडनिर्या के साथ मिलाने का प्रयत्न किया । लोम्बार्डी, मोडेना पार्मा टस्कनी आदि राज्य धीरे धीरे विदेशी सत्ता से छुटकारा प्राप्त कर साडनिर्या में जा मिले । इतिहासकार उसे 'इटली का विस्मार्क' कहते है।

**प्रश्न 4. फ्रांसीसी क्रांतिकारियों ने सामाजिक पहचान की भावना पैदा करने के लिए कौन से चार कदम उठाए ।**

उत्तर- फ्रांसीसी क्रांतिकारियों ने सामाजिक पहचान की भावना पैदा करने के लिए निम्नलिखित चार कदम उठाए:

- (i) संयुक्त समुदाय के विचार को बल दिया गया।
- (ii) फ्रांस का नया तिरंगा झंडा चुना गया।
- (iii) नागरिकों द्वारा चुनी गई एक सभा का गठन किया जिसका नाम नेशनल एसेंबली रखा गया |
- (iv) राष्ट्र के नाम पर नई शपथें ली गई और शहीदों का गुणगान किया गया।
- (v) एक केन्द्रीय प्रशासनिक व्यवस्था लागू की गई।
- (vi) सभी नागरिकों के लिए समान कानून बनाए गए।
- (vii) आंतरिक आयत-निर्यात शुल्क समाप्त कर दिए गए।
- (viii) पूरे फ्रांस में नापतोल की एक जैसी प्रणाली लागू की गई।
- (ix) फ्रेंच भाषा को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिया गया।

**प्रश्न 5. 1804 की नागरिक संहिता के चार प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।**

उत्तर- अपने शासन वाले क्षेत्रों में शासन व्यवस्था को ज्यादा कुशल बनाने के लिए नेपोलियन ने बहुत बदलाव किए जिन्हें 1804 का सिविल कोड या नागरिक संहिता के नाम से जाना जाता है।

- (i) जन्म के आधार पर प्राप्त विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया।
- (ii) कानून के सामने सभी बराबर थे।
- (iii) संपत्ति के अधिकार को सुरक्षित बनाया गया।
- (iv) सामंती व्यवस्था को समाप्त किया गया।
- (v) किसानों के सारे टैक्स समाप्त कर दिए।
- (vi) शहरों में कारीगरों की श्रेणीं-संघो के नियंत्रण को हटा दिया गया।
- (vii) यातायात और संचार व्यवस्थाओं में सुधार किया गया।
- (viii) आर्थिक सुधार करने के उद्देश्य से बैंक ऑफ फ्रांस की स्थापना की गई।
- (ix) समान कर प्रणाली लागू की गई।
- (x) देशभक्तों को सम्मानित किया गया।
- (xi) उसने दंड के कानून को कठोर बनाया।
- (xii) शिक्षा की उन्नति के लिए यूनिर्वसिटी ऑफ फ्रांस की स्थापना की।
- (xiii) कैथोलिक धर्म को राजधर्म बनाया।

**प्रश्न 6. वियना संधि 1815 के चार प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करों ।**

**अथवा**

**प्रश्न- सन् 1815 में वियना सम्मेलन की मेज़बानी किसने की ? वियना संधि के द्वारा किए गए प्रमुख परिवर्तनों का विश्लेषण कीजिए।**

(CBSE Delhi 2017)(Imp)

उत्तर- सन् 1815 के वियना सम्मेलन की मेज़बानी ड्यूक मैटरनिख ने की। ड्यूक मैटरनिटी आस्ट्रिया का चांसलर था। 1815 ई० में ब्रिटेन, रूस, प्रशिया और आस्ट्रिया ने मिलकर नैपोलियन को हरा दिया था।इन चारों देशों के प्रतिनिधि आस्ट्रिया की राजधनी वियना में एक संधिपत्र तैयार किया। इस संधि में नैपोलियन द्वारा किए गए सुधारों में बदलाव किया गया जो निम्नलिखित थे। -

1. इस संधिपत्र द्वारा फ्रांस के राजवंश बूर्बो (Bourbon) को दोबारा सत्ता पर बैठाया गया जिसे नैपोलियन ने हटा दिया था।
2. फ्रांस से वो सारे इलाके छीन लिए जिन पर कभी नैपोलियन ने अधिकार किया था।
3. फ्रांस अपनी सीमाओं का विस्तार न कर सके इसके लिए उसकी सीमाओं पर छोटे छोटे राज्य स्थापित कर दिए गए।
4. प्रशा को उसकी पश्चिमी सीमा के इलाके दिए गए जबकि आस्ट्रिया को उत्तरी इटली का नियंत्रण सौंपा गया।

5. पूर्व में रूस को पोलैंड का एक भाग सौंपा गया।
6. उन राज्यों का निर्माण कर दिया कर जिनको नैपोलियन ने बर्खास्त किया था।
7. यूरोप में रूढ़िवादी व्यवस्था दोबारा शुरू कर दी गई।

**प्रश्न 7. "यूरोप में 1830 का दशक भारी कठिनाइयाँ लेकर आया" । चार कारण बताइए ।**
उत्तर- यूरोप में 1830 का दशक भारी कठिनाइयाँ लेकर आया जिसके चार कारण निम्न हैं:
1. यूरोप मे जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई ।
2. ज्यादातर देशों में नोकरी ढुढ़ने वालों की तदाद उपलब्ध रोजगार से अधिक थी।
3. नगरो के लघु उत्पादकों को अकसर इंग्लैंड से आयतित मशीन से बने सस्ते कपड़े से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा था ।
4. यूरोप के उन इलाकों में जहाँ कुलीन वर्ग अभी भी सत्ता में था।

**प्रश्न 8. इटली के एकीकृत होने से पूर्व की चार परिस्थितियों का वर्णन करो**
उत्तर इटली के एकीकृत होने से पूर्व की चार परिस्थितियाँ निम्न हैं:
1. इटली अनेक वंशानुगत राज्यों तथा बहुराष्ट्रीय हैब्सबर्ग साम्राज्य में बिखरा हुआ था।
2. 19वीं शताब्दी के मध्य में इटली सात राज्यों में बटाँ हुआ था जिनमें से केवल एक सार्डिनिया पीडामॉण्ट में एक इतावली गणराज्य का शासन था।
3. उतरी भाग आस्ट्रियाई हैब्सबर्ग के अधीन था, मध्य इलाकों पर पोप का शासन था और दक्षिणी क्षेत्र स्पेन के बुब राजाओं के अधीन था।
4. इतावली भाषा ने भी साक्षा रूप हासिल नहीं किया था और अभी तक उसके विविध क्षेत्रीय और स्थानीय रूप मौजूद था।

**प्रश्न 9. 'रूपक' से क्या तात्पर्य हैं ? फ्रांस एवं जर्मनी के सन्दर्भ में इसकी व्याख्या कीजिए।**
उत्तर- जब किसी अर्मूत विचार ( जैसे स्वतन्त्रता, मुक्ति, इर्ष्या को किसी व्यक्ति या चीज द्वारा इंगित किया जा तो उसे रूपक कहते हैं। रूपतामक कहावत के दो अर्थ होते हैं:- एक शाब्दिक ओर दूसरा प्रतीकात्मक । फ्रांसीसी क्रांति के दौरान कलाकारों ने स्वतंत्रता न्याय और गणतंत्र जैसे विचारों को व्यक्त करने के लिए प्रयोग किया। इन आदर्शों को विशेष वस्तुओं या प्रतीकों से व्यक्त किया गया । स्वतंत्रता का प्रतीक लाल टोपी या टूटी जंजीर और इंसाफ को आमतौर पर एक महिला के प्रतीकात्मक रूप से व्यक्त किया जाता हैं जिसकी आँखो पर पट्टी बँधी हुई हैं और वह तराजू लिए हुए है। जर्मन में |मारीआन की प्रतिमाँए सार्वजनिक चैकी पर लगाई गई | ताकि जनता को एकता के राष्ट्रीय प्रतीक की याद आती रहे और लोग उससे तादात्मय स्थापित कर सकें । |मारीआन की छवि सिक्को और डाक टिकटों पर अंकित की गई। इसी तरह जर्मेनिया जर्मन राष्ट्र का रूपक बन गई।

**प्रश्न 10. आयरलैंड के संबंध में अंग्रेजी की नीति की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।**
उत्तर- अंग्रजो न आयरलैंड में प्रोटेस्टेंट धर्म मानने वालों को बहुसंख्यक कैथिलिक देश पर प्रभुत्व बढ़ाने में सहायता की । वोल्फटोन और उसकी यूनाइटेड आयरिशमेन की अगुवाई में हुए सफल विद्रोह के बाद 1801 में आयरलैंड को बलपूर्वक यूनाइटेड किंग्डम में शामिल किया गया । एक नए ब्रितानी राष्ट्र का निर्माण किया गया जिस पर हावी आंग्ल संस्कृति का प्रचार प्रसार किया गया ।

**प्रश्न 11. इटली के एकीकरण की विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन करो।**
**अथवा**
**इटली के एकीकरण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। (Delhi 2015)**
उत्तर- जैसा कि ऊपर बताया गया है, इटली का अनेक छोटे-छोटे राज्यों में बंटा होना, अनेक भागों पर विदेशियों का शासन होना, वियाना की कांग्रेस द्वारा फिर से देश को टुकड़े-टुकड़े कर देना, रोम के पोप के निजी स्वार्थ और इटली के शासकों के अनुदारवादी कार्य आदि कुछ बड़ी रुकावटें इटली के एकीकरण के मार्ग में उपस्थित थीं। परन्तु इन रुकावटों पर काबू पाने का कार्य इटली के अनेक देशभक्तों, विशेषकर कैवर ने किया।

जर्मनी की भांति एकीकरण से पहले इटली भी कई छोटे-छोटे राज्यों में बंटा हुआ था। इन राज्यों में सबसे शक्तिशाली सार्डीनिया का राज्य था। उसके प्रधानमंत्री कैवूर (Cavour) को इटली के एकीकरण का श्रेय जाता

है। उसने भी जर्मनी के चांसलर बिस्मार्क की भांति इटली में मिलती-जुलती नीति अपनाई। उसे इटली के एकीकरण में मेजिनी (Mazzini) एवं (Garibaldi) जैसे देशभक्तों की सेवाएँ प्राप्त हुईं। जर्मनी की भांति 1848 ई० में इटली में भी क्रान्तिकारी विद्रोह हुए जिनके फलस्वरूप वहाँ कुछ राजनीतिक सुधार हुए। परन्तु इटली की वास्तविक सफलता कैवूर के रंगमंच पर आने के बाद ही प्राप्त हुई।

कैवूर ने क्रीमिया के युद्ध (1854-1856 ई०) में रूस के विरुद्ध ब्रिटेन तथा फ्रांस का साथ देकर ऑस्ट्रिया के विरुद्ध ब्रिटेन और फ्रांस से सहायता प्राप्त करने का वचन प्राप्त कर लिया। 1859 ई० में कैवूर ने ऑस्ट्रिया के विरुद्ध युद्ध करके लोम्बार्डी पर कब्जा कर लिया और बाद में उसे सार्डीनिया में मिला लिया। इसके शीघ्र ही बाद 1860 ई० में टस्कनी, माडोना, पार्मा और उत्तर में स्थित पोप के राज्य अपने आप सार्डीनिया के साथ आ मिले। लगभग इसी समय (1860 ई० में ही) गैरीबाल्डी के प्रयत्नों से सिसली तथा नेपल्स के राज्य भी सार्डीनिया के साथ सम्मिलित हो गए। 1866 ई० में ऑस्ट्रिया-प्रशिया युद्ध में विस्मार्क का साथ देने पर वेनेशिया का प्रदेश सार्डीनिया को मिल गया। 1870 ई० फ्रांस-प्रशिया के युद्ध के समय फ्रांस द्वारा रोम खाली किए जाने पर सार्डीनिया ने रोम पर अधिकार करके इटली के एकीकरण का कार्य पूरा किया। याद रहे, इटली में भी जर्मनी की भाँति एकीकरण के बाद राजतन्त्र की स्थापना हुई क्योंकि अभी वहाँ इसी की आवश्यकता अनुभव की गई।

**प्रश्न 12. किन्हीं दो देशों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए बताएँ कि उन्नीसवीं सदी में राष्ट्र किस प्रकार विकसित हुए? अथवा**

**1871 के बाद 'बाल्कन' क्षेत्र में हुए संघर्ष के किन्हीं तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए। (Outside 2011)**

**अथवा**

**यूरोप में 1871 के बाद बाल्कन क्षेत्र में बनी विस्फोटक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए। (Delhi 2018)**

उत्तर-काला सागर और एट्रियाटिक सागर के मध्य स्थित आधुनिक रोमानिया, बुल्गारिया, अल्बेनिया, यूनान, मेसिडोनिया, बोस्निया हर्जेगोविना, सर्बिया आदि के राज्य बाल्कन राज्यों के नाम से जाने जाते थे। बहुत समय तक ये बाल्कन राज्य टर्की और अनेक यूरोपीय शक्तियों के बीच संघर्ष का केन्द्र बने रहे। 1875 के पश्चात् इन राज्यों में राष्ट्रीय तनाव पैदा होने के अनेक कारण थे

(1) बाल्कन राज्यों के बहुत से नागरिक ईसाई थे परन्तु टर्की के मुसलमान, जिनके अधीन ये देश थे, उन पर मनमाने प्रकार के अत्याचार करते थे।

(2) 19वीं शताब्दी में टर्की का साम्राज्य काफी शिथिल हो गया था और उसे 'यूरोप के बीमार' (Sick Man of Europe) कहा जाने लगा था। इसलिए टर्की की इस कमज़ोरी ने बाल्कन राज्यों के लोगों को टर्की के विरुद्ध विद्रोह करने के लिए प्रोत्साहित किया।

(3) फ्रांस की क्रान्ति और नेपोलियन के युद्धों ने राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा दिया जिसके प्रभाव में बाल्कन राज्यों के लोगों ने स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष छेड़ दिया।

(4) बाल्कन क्षेत्र में यूरोप के अनेक देश अपना-अपना प्रभाव बढ़ाना चाहते थे, इसलिए उन्होंने वहाँ की समस्या को और भी उलझनपूर्ण बना दिया। रूस, इंग्लैंड और ऑस्ट्रिया-हंगरी के आपसी स्वार्थों ने बाल्कन क्षेत्र में तनाव का-सा वातावरण तैयार कर दिया।

**प्रश्न 13. ब्रिटेन में राष्ट्रवाद का विकास शेष यूरोप की तुलना में किस प्रकार भिन्न था? अथवा**

**ब्रिटेन (Britain) के एकीकरण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। (Delhi 2015)**

उत्तर- इस बात से कोई भी इन्कार नहीं कर सकता कि ब्रिटेन में राष्ट्रवाद के विकास का इतिहास बाकी यूरोप से भिन्न था। यूरोप के स्पेन, बेल्जियम, पोलैंड, ऑस्ट्रिया-हंगरी और फ्रांस आदि देशों में राष्ट्रवाद का उत्थान अनेक उथल पुथलों और क्रान्तियों से जुड़ा हुआ था, परन्तु ब्रिटेन में राष्ट्रीयता का आन्दोलन किसी राजनीतिक उथल-पुथल या क्रान्तियों से जुड़ा हुआ नहीं था। यह एक लम्बी चलने वाली प्रक्रिया का परिणाम था। ब्रिटेन में एक राष्ट्र-राज्य की स्थापना करने में वहाँ की संसद ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंग्लैंड की संसद ने 1688 ई० में राजा से सत्ता संभाल ली थी। वह इंग्लैंड को एक राष्ट्र-राज्य बनाने का पहला महत्त्वपूर्ण कदम था।

अगला कदम 1707 ई० में उठाया गया जब इंग्लैंड और स्काटलैंड के मध्य होन वाले एक्ट ऑफ यूनियन (Act of Union) के परिणामस्वरूप वहाँ 1707 ई० में 'यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन' की स्थापना हुई। इस कानून द्वारा दोनों देशों ने एक संसद और एक राजा को अपनाने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। इस मिलाप से दोनों राज्यों को लाभ रहा चाहे कभी-कभी स्काटलैंड के पहाड़ी लोगों को सख्ती से दबाना भी पड़ा। स्काटलैंड पहले से कहीं सम्पन्न बन गया और दोनों देशों के बीच आपसी शत्रुता समाप्त हो गई। इंग्लैंड की शक्ति में काफी

वृद्धि हुई और इसी कारण वह स्पेन के सिंहासन सम्बन्धी युद्ध (War of Spanish Succession) में सफल सिद्ध हुआ।

राष्ट्रवाद की ओर एक अन्य कदम 1801 ई० में उठाया गया जब आयरिश एक्ट आफ यूनियन (Irish Act of Union) द्वारा ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड का आपसी मिलाप हुआ और ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड मिलकर यूनाइटिड किंग्डम (United Kingdom) में बदल गए।

MUKUTclasses